दिनांक : 17.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिये प्रतिबद्ध।
- स्पेन यात्रा के पहले दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ चर्चा में निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश की रूची दर्शाई।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी। आज भी कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

प्रधानमंत्री-धन-धान्य कृषि योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे न केवल पिछड़े जिलों में फसल-उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि हमारे लिए खाद्य उपलब्ध कराने वालों की आय में भी बढोत्तरी होगी। यह योजना नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरित है और यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जो विशेष रूप से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित है।

सरकार के बयान में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक ऋृण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। वर्ष 2025-26 के बजट प्रस्तावों में "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" के अंतर्गत सौ जिलों के विकास के लिए इस कार्यक्रम

की घोषणा की गई थी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में कृषि के क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में क्रांति हुई है।

राष्ट्रपति-स्वच्छ सर्वेक्षण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान करेंगी। समारोह में मध्यप्रदेश के आठ शहरों इन्दौर, उज्जैन, बुदनी, भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर एवं ग्वालियर को उनके उत्कृष्ट स्वच्छता प्रयासों के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के विजेता शहरों के गौरवशाली पलों के साक्षी बनने के लिये नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी उपस्थित रहेंगी। प्रदेश के इन 8 शहरों ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। यह सम्मान उनके सतत प्रयासों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है।

भारत-अमरीका ट्रम्प

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित अंतरिम व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत जल्द पूरी हो सकती है। श्री ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत सकारात्मक माहौल में चल रही है और प्रस्तावित समझौता अमरीकी कंपनियों को अमरीका और इंडोनेशिया के बीच हुए व्यापार समझौते के अनुरूप भारतीय बाज़ार में बेहतर पहुँच प्रदान कर सकता है।

मुख्यमंत्री-स्पेन यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ स्पेन के निवेशकों के साथ हुई वन-टू-वन बैठक में मध्यप्रदेश की सरल औद्योगिक नीतियों से निवेश की संभावनाएं बढ़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के पहले दिन मैड्रिड में निवेशकों के साथ बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इन बैठकों में राज्य के औद्योगिक विकास, अधोसंरचना, पर्यटन, ऊर्जा और अन्य उभरते क्षेत्रों में साझेदारी को लेकर विशेष रुचि दिखाई गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दूसरे दिन आज निवेशकों से मध्यप्रदेश की नीतियों, कपड़ा और वस्त्र निर्माण क्षेत्र में संभावित निवेश, पीएम मित्र पार्क आदि विषयों पर निवेशकों से संवाद करेंगे।

डॉ. मोहन यादव ने पहले दिन मैड्रिड में फिल्म आयोग के अध्यक्ष श्री जुआन-मैनुअल गइमेरेन्स एवं अन्य प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भारत और स्पेन के बीच फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

राष्ट्रीय कार्यशाला- जीपीएसडीपी

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव भोपाल में उन्नत ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजना (जीपीएसडीपी) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में उन्नत ग्राम पंचायत स्थानिक विकास योजनाओं (जीपीएसडीपी) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला पंचायती राज मंत्रालय, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल के सहयोग से आज और कल दो दिन आयोजित की जा रही है।

राष्ट्रीय कार्यशाला में पंचायती राज मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री आलोक प्रेम नागर; मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी; स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल के निदेशक प्रो. कैलासा राव एम; के साथ-साथ राज्य पंचायती राज विभागों, राज्य नगर एवं ग्राम नियोजन विभागों, प्रमुख योजना एवं वास्तुकला संस्थानों तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों के अधिकारी सहित प्रमुख हितधारक भी भाग लेंगे।

सचदेवा शपथ

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मनोनीत मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने सौजन्य भेंट की। श्री सचदेवा आज सुबह 10 बजे राजभवन के संदीपनी हॉल, भोपाल में पद और गोपनियता की शपथ लेंगे।

मौसम

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने 18 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें गुना, अशोकनगर, शिवपुरी और श्योपुर जिला शामिल है। प्रदेश में अगले 4 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। इस मानसूनी सीजन में प्रदेश में अब तक औसत 18.2 इंच बारिश हुई है, जो कोटे से आधी है।

महिला क्रिकेट-भारत

भारत और इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला का पहला मैच आज साउथेम्प्टन में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे पांच बजे से शुरू होगा।

भारत ने हाल ही में इंग्लैंड में उन्हें 3-2 से हराकर पहली बार टी-ट्वेन्टी श्रृंखला जीती है।

समाचार संक्षेप में .....

- पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने रतलाम मंडल के उज्जैन स्टेशन का दौरा कर उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के साथ-साथ अन्य रेलवे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- शिवपुरी जिले में आगामी 24 जुलाई को शासकीय आईटीआई में युवा संगम का आयोजन किया जाएगा।
- देश के महान गायक किशोर दा का जन्मोत्सव 4 अगस्त को खंडवा शहर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष किशोर गौरव सम्मान 2025 के लिए इस वर्ष पार्श्व गायक जाली मुखर्जी का चयन किया गया।
- आगरमालवा में जिले में कल पंचायत सचिव एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिये गये प्रशिक्षण में योजना से संबंधित पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, लाभ, एवं प्रचार-प्रसार के तरीके बताए गए।
- अशोकनगर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है।

- पन्ना जिले मे राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 15 वर्ष से अधिक आयु एवं औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके व्यक्तियों को साक्षर करने के उद्देश्य से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
- केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री देवी और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कल धार में कल जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित शब्द समागम 2025 कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान 800 से अधिक पत्रकारों को 10-10 लाख रुपए की बीमा पॉलिसी प्रदान की गई।